web: www.nyaysakshi.com | पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल | पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

Social Justice Union Govt. Registered

**आवश्यक सूचना**
आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, शुक्रवार 07 अक्टूबर 2022 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-05, अंक- 11

## महत्वपूर्ण एवं खास

### पश्चिम चंपारण में बाघ के हमले में किशोरी की मौत

**बगहा (आरएनएस)।** बिहार में भारत नेपाल सीमा से सटे पश्चिम चंपारण जिले के गोवर्धना थाना क्षेत्र में बाघ के हमले में एक किशोरी की मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों ने गुरुवार को यहां बताया कि सिंगाही गांव के मुशहर टोली में रमाकांत मुसहर के घर में बुधवार की देर रात एक बाघ ने घुसकर घर के अंदर सो रही उसकी 12 वर्षीय पुत्री बगड़ी कुमारी पर हमला कर दिया,जिससे उसकी मौत हो गयी। इस दौरान घर वालों ने जागकर अन्य ग्रामीणों को एकत्रित किया। शोर सुनकर बाघ भाग गया। सूत्रों ने बताया कि वन विभाग की टीम चार सौ वन कर्मियों के साथ आदमखोर बाघ को पकडऩे में लगी है। इस घटना के बाद वन कर्मियों की टीम ने सिंगाही गांव के आसपास के इलाके में बाघ को पकडऩे के लिए सर्च अभियान शुरू कर दिया है।

### बक्सर में मुखिया पति की गोली मारकर हत्या

**बक्सर (आरएनएस)।** बिहार में बक्सर जिले के औद्योगिक थाना क्षेत्र में अपराधियों ने खुंटहा पंचायत की मुखिया के खुशबू देवी के पति की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस सूत्रों ने गुरूवार को यहां बताया कि बुधवार की रात खुंटहा पंचायत की मुखिया खुशबू देवी के पति धर्मेद्र कुमार सिंह (38 )मंझरिया गांव स्थित अपने पैतृक निवास से कुछ ही दूरी पर बनाए गए दुर्गा पूजा पंडाल में प्रसाद का वितरण कर रहे थे। इस दौरान अपराधियों ने उनके चचेरे भाई सरोज सिंह को गोली मार दी। गोली की आवाज सुनकर उनके भतीजे अजीत सिंह भी वहां पहुंचे तब अपराधियों ने उन्हें भी गोली मार दी।गोलियों की आवाज सुनकर धर्मेद्र कुमार सिंह भी मौके पर पहुंचे जहां अपराधियों ने उनकी गोली मारकर हत्या कर दी। सूत्रों ने बताया कि घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पोस्टमॉर्टम कराये जाने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। मामले की छानबीन की जा रही है।

### तमिलनाडु में फूड प्वाइजनिंग का कहर, तीन लड़कों की मौत; 11 अस्पताल में भर्ती

**तिरुपुर (आरएनएस)।** तमिलनाडु के तिरुपुर में एक बाल गृह में गुरुवार को कथित तौर पर फूड प्वाइजनिंग के कारण तीन बच्चों की मौत हो गई और 11 अन्य को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बीती रात खाना खाने के बाद कुछ लडक़ों को उल्टी और पेचिश होने लगी। अधिकारियों ने बताया कि लडक़ों ने बुधवार रात को चावल के साथ 'रस्सम' और लड्डू खाए थे। इसके बाद उनमें से कई को उल्टियां और पेचिश होने लगी। उन्होंने बताया कि बृहस्पतिवार सुबह उन्होंने नाश्ता किया तो उनकी हालत बिगड़ गई और उनमें से कुछ बेहोश हो गए। अधिकारियों के मुताबिक, सभी को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया और बाद में उन्हें तिरुपुर और अविनाशी के सरकारी अस्पतालों में स्थानांतरित किया गया। अस्पताल में तीन लडक़ों की मौत हो गई जिनकी उम्र आठ से 13 वर्ष के बीच थी जबकि अन्य का इलाज किया जा रहा और तीन अन्य आईसीयू में भर्ती हैं। तिरुपुर के जिला कलेक्टर एस विनीत ने कहा कि विषाक्त भोजन की शुरुआती रिपोर्ट के बाद नमूने इकट्ठे कर लिए गए हैं और उन्हें जांच के लिए भेजा गया है। उन्होंने कहा कि अगर जांच में 'श्री विवेकानंद हॉम फॉर डेस्टिट्यूट' संस्थान दोषी पाया जाता है तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# दुर्गा विसर्जन के दौरान नदी में अचानक आई बाढ़, 8 लोगों की मौत, 25 लोग लापता



**कोलकाता (आरएनएस)।** पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी में मां दुर्गा की मूर्ति विसर्जन के दौरान बड़ा हादसा हो गया। मूर्ति विसर्जन के दौरान मल नदी में तेज बहाव के चलते 8 लोगों की डूबने से मौत हो गई। कहा जा रहा है कि देवी दुर्गा की मूर्तियों के विसर्जन के लिए नदी के किनारे भारी संख्या में लोग जमा हो गए थे। जलपाईगुड़ी जिले की जिला मजिस्ट्रेट मौमिता गोदारा बसु ने कहा, एक बच्चे सहित 8 लोगों की मौत हो गई और 13 अन्य घायल हो गए। 50 से अधिक लोगों को बचाया गया। वहीं 20 से 25 लोगों लापता बताए जा रहे हैं। डाउनस्ट्रीम में अभी भी तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। अभी भी बारिश हो रही है। घटना मालबाजार में रात करीब साढ़े 9 बजे की है। अधिकांश नदियों की तरह माल नदी में भी हिमालय की तलहटी में भारी बारिश होने पर बाढ़ आ जाती है। जिस समय हादसा हुआ उस वक्त कलिम्पोंग पहाडिय़ों में भारी बारिश हो रही थी। भक्तों को नदी की ऊपरी धारा में जल स्तर में वृद्धि के बारे में पता नहीं था। अधिकारियों ने बताया कि बड़ी संख्या में लोग नदी तट पर जमा हो गए थे। अचानक आई बाढ़ के कारण चंद सेकेंड में ही पानी का स्तर छह इंच से बढक़र 3.5 फुट हो गया। सभी पीडि़तों की पहचान कर ली गई है। बाढ़ के पानी में कई वाहन बह गए जिनमें मूर्तियों को ले जाया गया था। कई घरों को भी नुकसान पहुंचा है।

एक स्थानीय निवासी राजेन मुर्मू ने कहा, अगर प्रशासन की ओर से पहाडिय़ों में भारी बारिश और जल स्तर में वृद्धि की संभावना के बारे में चेतावनी दी गई होती, तो दुर्घटना टल सकती थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बाढ़ में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। पीएम मोदी ने ट्वीट किया, पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी में दुर्गा पूजा उत्सव के दौरान हुई दुर्घटना से दुखी हूं। अपने प्रियजनों को खोने वालों के प्रति संवेदना।

### दिल्ली के कपड़ा बाजार में लगी आग, एक जली हुई लाश मिली

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली में बीती शाम को गांधी नगर कपड़ा बाजार में एक इमारत की दूसरी मंजिल पर भीषण आग लग गई। इस घटना में दमकलकर्मियों एक पुरुष का जला हुआ शव मिला है। बीती शाम आग लगने की घटना सामने आई। आधी रात के दौरान आग पर काबू पा लिया गया, लेकिन बचाव कार्य जारी है।

दमकल विभाग के मुताबिक, उन्हें शाम करीब साढ़े पांच बजे फोन आया और दमकल की 34 गाडिय़ां मौके पर भेजी गई। दमकल अधिकारी ने बताया, हमने आग पर काबू पाने के लिए 150 दमकलकर्मियों को लगाया था। बड़ी समस्या यह थी कि आस-पास पानी का कोई स्रोत नहीं था और गलियां संकरी थीं, इसलिए दमकल की गाडिय़ों को दूर-दूर तक रुकना पड़ा। अधिकारी ने आगे बताया कि आग कपड़े की दुकान में लगी जो बाद में फैल गई। पुलिस ने पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी, जो दमकल कर्मियों की भी मदद कर रही है।

### गोलियों की तड़तड़ाहट से थर्राया थाईलैंड, चाइल्ड केयर सेंटर पर अंधाधुंध फायरिंग में 23 बच्चों समेत 34 लोगों की मौत

**बैंकॉक ।** मेक्सिको के सैन मेगुल टोटोलेपन एरिया में अंधाधुंध फायरिंग की घटना के कुछ घंटे के अंदर ही थाइलैंड में भी अंधाधुंध गोलीबारी की घटना हुई है। थाईलैंड में गुरुवार को उस वक्त कोहराम मच गया, जब एक चाइल्ड केयर सेंटर पर अंधाधुंध गोलीबारी होने लगी और चारों तरफ चीख-पुकार मच गई। थाईलैंड के पूर्वोत्तर प्रांत में मास शूटिंग में 34 लोग मारे गए है, जिनमें ज्यादातर बच्चे हैं। लोगों की हत्या करने के बाद आरोपी शख्स ने अपने बच्चे और पत्नी को भी गोली मार दी और उसके बाद खुद को गोली मार ली। बताया जा रहा है कि आरोपी खुद एक पूर्व पुलिस अधिकारी है।

घटना के बारे में थाइलैंड की पुलिस का कहना है कि एक चाइल्ड केयर सेंटर में आज गुरुवार को हुई गोलीबारी में 30 से अधिक लोग मारे गए हैं। पुलिस मेजर जनरल अचयों क्रैथोंग ने बताया कि बंदूकधारी गुरुवार को दोपहर में नोंग बुआ लाम्फू शहर के सेंटर में अचानक से फायरिंग करनी शुरू कर दी।

उन्होंने कहा कि हमले में 30 लोग मारे गए हैं, लेकिन उनके पास अभी अधिक जानकारी नहीं है। गोली मारने के बाद हमलावर ने भी खुद को जान से मार दिया। एक क्षेत्रीय सार्वजनिक मामलों के कार्यालय के एक प्रवक्ता ने कहा कि अब तक 34 लोगों के मारे जाने की पुष्टि हो गई है, जिसमें 23 बच्चे, 2 शिक्षक और एक पुलिस अधिकारी शामिल हैं। हालांकि मामले को लेकर अधिक विवरण अधिक जानकारी नहीं है।

बता दें कि इससे पहले मेक्सिको में भी आज सुबह एक बार फिर से खूनी संघर्ष देखने को मिला। मेक्सिको के सैन मेगुल टोटोलेपन में स्थित सिटी हॉल में बदमाशों ने अंधाधुंध गोलियां बरसा दी जिससे कम से कम 18 लोगों की मौत हुई है। फायरिंग में मारे जाने वालों में मेयर भी शामिल हैं।

## बेकाबू बस ने 6 राहगीरों को कुचला, 3 की मौत

❒ दो बसों की आपसी होड़ में घटी घटना

**कोलकाता (आरएनएस)।** विजयदशमी के दिन तब शोक की लहर फैल गई जब एक सडक़ हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस व मृतकों के परिजनों के अनुसार घटना मध्य कोलकाता के सियालदह फ्लाई ओवर पर घटी। तेज रफ्तार में आ रही एक बेकाबू बस ने एक महिला समेत सात लोगों को रौंद दिया। उक्त घटना में सबसे पहले अदिति गुप्ता (18) व फिर अस्पताल में नंदिनी प्रसाद (18) व राहुल कुमार प्रसाद (30) की भी मौत हो गई। जबकि घटना में नीलेश गुप्ता, ऋषि गुप्ता, राहत गुप्ता भी गंभीर तौर पर घायल बताये जा रहें हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह हादसा बुधवार रात हुआ जब एक बस ने फ्लाई ओवर पर कुछ लोगों को टक्कर मार दी। इस घटना में अब तक दो लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। आरोपी के खिलाफ अनैच्छिक हत्या और अनैच्छिक हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया गया है।वाहन को कब्जे में लिया गया है। पुलिस का कहना है कि, एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई और दो अन्य ने सरकारी अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। 22 दिन पहले ही पोर्ट अंचल के साउथ पोर्ट थानांतर्गत कार्ल मार्क्स सारणी बाबूबाजार निवासी अदिति गुप्ता की बड़ी बहन नीलिमा के साथ ही राहुल कुमार प्रसाद का विवाह हुआ था और राहुल 22 दिन पहले ही अपने पहले बच्चे के पिता बने थे। राहुल बुधवार विजयदशमी को नीलम के परिवार के साथ देवी प्रतिमा दर्शन करने निकले थे। उनके साथ साली अदिति, साले नीलेश, अदिति के दो चचेरे भाई और राहुल के चचेरे भाई थे। रात में सियालदह फ्लाईओवर पर दो बसों की आपसी होड़ में उक्त घटना घटी। अदिति की मौके पर ही मौत हो गई। राहुल और नंदिनी की बाद में एनआरएस अस्पताल में मौत हो गई।

## उत्तरकाशी हिमस्खलन : 9 शव बरामद, 29 अभी भी फंसे



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** उत्तरकाशी में द्रौपदी का डांडा-2 पर्वत चोटी के पास हुए हिमस्खलन में फंसे नेहरू पर्वतारोहण संस्थान के लोगों को निकालने के लिए खोज और बचाव काम गुरुवार को फिर से शुरू किया गया। जानकारी के मुताबिक अब तक 9 शव बरामद हो चुके हैं, जबकि 14 लोगों को बचाया गया है। 29 के अभी भी फंसे होने की खबर है। आईटीबीपी ने बताया कि राहत और बचाव काम गुरुवार को भी शुरू किया गया है। आईटीबीपी मतली, उत्तरकाशी से और भी टीमें एडवांस बेस कैंप में भेजी गई हैं। वहीं हाई ऑल्टीट्यूड वारफेयर स्कूल की एक टीम भी खोज और बचाव अभियान में शामिल हो गई है। आईटीबीपी के मुताबिक 16000 फीट पर एक एडवांस हेलिकॉप्टर लैंडिंग ग्राउंड तैयार किया गया है और आज सुबह एक ट्रायल लैंडिंग सफल रही है।

वहीं नेहरू पर्वतारोहण संस्थान के अनुसार 9 शव अब तक बरामद किए गए हैं, जबकि 29 लोग अभी भी फंसे हुए हैं। इनमें से कई लापता बताए जा रहे हैं। मौसम खराब होने के चलते बचाव कार्य में एजेंसियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

गौरतलब है कि नेहरू पर्वतारोहण संस्थान, एनआईएम उत्तरकाशी के भुक्की के पास चल रहे बेसिक और एडवांस कोर्स के बच्चे 4 अक्टूबर को पर्वतारोहण की ट्रेंनिंग के लिए द्रोपदी के डांडा पहुंचे थे। जहां अचानक हिमस्खलन आने से पूरा हादसा सामने आया है।

### कर्नाटक में भूंकप के झटके, दहशत में लोग

**शिवमोग्गा (आरएनएस)।** कर्नाटक के शिवमोग्गा जिले के शिरालाकोप्पा कस्बे में गुरुवार तडक़े भूकंप के झटके महसूस किए गए, जिससे लोगों में दहशत फैल गई। स्थानीय निवासियों के अनुसार, भूकंप तडक़े करीब साढ़े 3 बजे, तीन किलोमीटर के दायरे में महसूस किया गया। भूकंप के झटके से इलाके के लोग दहशत में हैं और जिला प्रशासन स्थिति का जायजा लेने के लिए मौके पर पहुंच गया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि सोते समय उन्हें अचानक झटके महसूस हुए। लोग अपने घरों के बाहर दौड़ पड़े। उन्होंने तीन से चार सेकेंड तक झटके महसूस किए। तहसीलदार कविराज ने कहा है कि उन्हें सूचित किया गया है कि शिरालाकोप्पा कस्बे में दो बार झटके महसूस किए गए। लेकिन, इस संबंध में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। भूकंप के बारे में जिला आयुक्त और राज्य के मौसम विभाग को सूचित कर दिया गया है। इस संबंध में रिपोर्ट आने के बाद और स्पष्टता सामने आएगी। शिवमोग्गा के जिला आयुक्त सेल्वामणि आर ने कहा कि घबराने की जरूरत नहीं है। इस संबंध में जानकारी मांगी जा रही है।

## मुंबई हवाई अड्डे से 100 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की हेरोइन बरामद- पश्चिम अफ्रीका की महिला सहित दो गिरफ्तार



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने मुंबई एयरपोर्ट से 16 किलोग्राम हेरोइन जब्त की। इसका बाजार में मूल्य 100 करोड़ रुपये से अधिक बताया जा रहा है। इस मामले में एक यात्री और घाना की एक महिला को गिरफ्तार किया है।

एक अधिकारी ने बताया कि मामले में डीआरआई की कार्रवाई के तहत घाना की महिला को दिल्ली के एक होटल से गिरफ्तार किया गया है। डीआरआई की मुंबई इकाई ने छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर जाल बिछाया था। टीम को खुफिया सूचना मिली थी कि अफ्रीकी देश मालावी से कतर होते हुए मुंबई आ रहा एक यात्री देश में ड्रग्स की तस्करी की कोशिश कर रहा है। अधिकारी ने बताया, ''डीआरआई के अधिकारियों की निगरानी और संदिग्ध की पल-पल की गतिविधि पर नजर रखने वाली टीम को मुंबई एयरपोर्ट पर तैनात किया गया था। संदिग्ध यात्री को रोक कर पूछताछ की गई। सामान की तलाशी के दौरान डीआरआई अधिकारियों ने 16 किलोग्राम हेरोइन बरामद की, जिसे ट्रॉली बैगों में खंडों में छिपा कर रखा गया था। जब्त हेरोइन की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में 100 करोड़ रुपये से अधिक है। यात्री को गिरफ्तार कर लिया गया और स्थानीय अदालत ने उसे डीआरई अधिकारियों को रिमांड पर देने का निर्देश दिया। उन्होंने बताया, 'इसके बाद की गई कार्रवाई में डीआरआई अधिकारियों ने घाना की एक महिला को गिरफ्तार किया, जो तस्करी की गई इस प्रतिबंधित सामग्री को दिल्ली में लेने वाली थी। दिल्ली एयरपोर्ट से कस्टम ने जब्त की सात घडिय़ां, एक की कीमत 27 करोड़ , इसके साथ ही दिल्ली के आइजीआई एयरपोर्ट पर बृहस्पतिवार को कस्टम विभाग ने एक यात्री को गिरफ्तार किया है। तलाशी के दौरान यात्री से सात कीमती घडिय़ां व हीरा जड़ित ब्रेसलेट व एक फ़ोन बरामद हुआ है। इन घडिय़ों की कीमत 27 करोड़ के बीच बताई जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि यात्री से जो सामान बरामद हुआ है उसकी कीमत करीब 28.17 करोड़ रुपये आंकी गई है।

### इंश्योरेंस क्लेम पाने एवं ट्रैक्टर-गाड़ी का लोन माफ कराने पत्नी ने की पति की हत्या

**नागौर (आरएनएस)।** मेड़ता सिटी थाना पुलिस ने पति की हत्या करने के आरोप में पत्नी को गिरफ्तार किया है। पति के इंश्योरेंस का क्लेम पाने और गाडिय़ों पर लिया गया लोन माफ करवाने के लिए पत्नी ने गला दबाकर पति की हत्या कर दी और गुमराह कर परिवारजनों तथा रिश्तेदारों के साथ मिलकर पति का दाह संस्कार भी करवा दिया। मामले का खुलासा कर पुलिस ने आरोपी पत्नी शारदा देवी पत्नी नेमा राम जाट (50) निवासी गांव कुरडाया को गिरफ्तार कर लिया है। एसपी राममूर्ति जोशी ने बताया कि थाना मेड़ता सिटी क्षेत्र के गांव कुरडाया निवासी परिवादी भाकर राम जाट (60) ने मंगलवार को थाना पुलिस को सूचना दे गांव बुलाया और एक रिपोर्ट दी। जिसमें बताया कि परिवार में ही भंवरू राम के गोद गये हुए उसके छोटे भाई नेमा राम जाट की आज मौत हो गई थी। अंतिम संस्कार से पहले कराए गए स्नान के दौरान शरीर पर चोटों के निशान देखे गए। जिसके बारे में भाई की पत्नी शारदा ने गिरने से चोट लगना बताया। उस समय परिवार जनों एवं रिश्तेदारों ने भाई का अंतिम संस्कार कर दिया। परिवादी बड़े भाई द्वारा मौत को संदिग्ध बताए जाने पर मुकदमा दर्ज कर जांच थानाधिकारी रोशन लाल द्वारा शुरू की गई। जांच के दौरान मृतक नेमाराम की पत्नी शारदा देवी से मनोवैज्ञानिक तरीके से पूछताछ की गई तो उसने इंश्योरेंस का क्लेम और गाडिय़ों पर लिए गए लोन को माफ कराने के लिए गला दबाकर पति की हत्या करना स्वीकार कर लिया।

## ग्रेनो वेस्ट की सोसाइटी में 45 मिनट तक लिफ्ट में फंसा रहा बच्चा, रूम में गार्ड ईयर फोन लगा कर बैठा रहा

**ग्रेटर नोएडा (आरएनएस)।** ग्रेनो वेस्ट की पैरामाउंट इमोशंस सोसाइटी के टावर एस की लिफ्ट में मंगलवार की रात 11 साल का एक बच्चा करीब 45 मिनट तक फंसा रहा। बच्चा अपने दोस्त के साथ फ्लैट से नीचे जा रहा था तभी अचानक लिफ्ट बंद हो गई। काफी देर तक बच्चे की तलाश करने के बाद परिजनों का ध्यान लिफ्ट पर गया, तो बच्चा अंदर मिला। उसे बाहर निकाला गया। इस बात को लेकर देर रात सोसाइटी में काफी हंगामा हुआ। मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों को शांत कराया। लिफ्ट की सीसीटीवी फुटेज गार्ड रूम में दिखाई देती है और अलार्म भी बजता है, लेकिन गार्ड रूम में बैठा गार्ड कानों में ईयर फोन लगाकर बैठा हुआ था इसलिए उसने ना अलार्म सुना और ना ही सीसीटीवी फुटेज देखी। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक अजय अपने परिवार के साथ सोसाइटी के टावर यू की छठी मंजिल पर रहते हैं। मंगलवार की रात उनका 11 साल का बेटा अपने दोस्त के पास गया था। जो की उसी टावर के 16वें फ्लोर पर रहता है। अजय ने जब बेटे के दोस्त के घर पर फोन किया तो पता चला की वो 5 मिनट में आ जायेगा। काफी समय बीतने के बाद अजय ने बेटे की तलाश शुरू की। पूरी सोसाइटी में बच्चे की खोज की गई लेकिन वो नहीं मिला। फिर सबका ध्यान लिफ्ट पर गया तो 15 और 16 मंजिल के बीच अटकी हुई थी। इसके बाद सोसायटी के मेंटेनेंस टीम को बुलाया गया और करीब 45 मिनट के बाद बच्चे को लिफ्ट से बाहर निकाला गया।

जानकारी के मुताबिक लिफ्ट में लगे कैमरे की सीसीटीवी फुटेज गार्ड रूम में चलती रहती है और साथ ही अलार्म भी बजता है, लेकिन गेट पर तैनात सुरक्षाकर्मी कानों में ईयर फोन लगाकर बैठा हुआ था इस कारण उसने अलार्म की आवाज नहीं सुनी और ना ही सीसीटीवी फुटेज देखी। इस बात को लेकर सुरक्षाकर्मी और सोसाइटी के लोगों के बीच काफी बहस हुई जिसके बाद पुलिस को बुलाया गया। पुलिस ने पहुंचकर मामला शांत किया।

## रामायण के इस्लामीकरण के लिए आदिपुरुष के निर्देशक को सर्व ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष ने भेजा नोटिस



**जयपुर (आरएनएस)।** सर्व ब्राह्मण महासभा ने गुरुवार को प्रभास और कृति सनोन की फिल्म आदिपुरुष के निर्देशक ओम राउत को नोटिस भेजकर सात दिनों में फिल्म से विवादास्पद ²श्यों को हटाने के लिए कहा या फिर कानूनी कार्रवाई का सामना करने के लिए कहा है।

सर्व ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. सुरेश मिश्रा की ओर से एडवोकेट कमलेश शर्मा ने नोटिस भेजा है।

इस नोटिस में लिखा है, इस फिल्म में हिंदू देवी-देवताओं का चित्रण गलत तरीके से किया जा रहा है। इस फिल्म में हिंदू देवी-देवताओं को बेहद विकृत रूप में चमड़े के कपड़े पहने दिखाया गया है और उन्हें अभद्र तरीके से बोलते हुए देखा जा रहा है। सच तो यह है कि फिल्म में बहुत ही निम्न स्तर की भाषा का प्रयोग किया गया है जो धार्मिक भावनाओं को भडक़ाने और आहत करने वाली है। फिल्म में धार्मिक और जातिगत नफरत फैलाने वाले संवाद और चित्रण हैं। रामायण हमारा इतिहास और हमारी आत्मा है, हालांकि आदिपुरुष में भगवान हनुमान एक मुगल के रूप में दिखाया गया है।

कौन सा हिंदू बिना मूंछ के दाढ़ी रखता है जो भगवान हनुमानजी को दिखाया गया है।

यह फिल्म रामायण और भगवान राम, मां सीता, भगवान हनुमान का पूर्ण इस्लामीकरण है। आदिपुरुष फिल्म में रावण की भूमिका निभा रहे सैफ अली खान भी तैमूर और खिलजी की तरह दिखते हैं। फिल्म देश में धार्मिक भावनाओं को भडक़ाकर एक खास वर्ग के बीच नफरत फैलाने वाली है। इंटरनेट के माध्यम से इस तस्वीर का खूब प्रचार किया जा रहा है, जो हमारे समाज और देश के लिए पूरी तरह से हानिकारक है।

नोटिस में कहा गया है, आप ऐसी फिल्म बना रहे हैं जिससे करोड़ों हिंदुओं की भावनाएं आहत हों। आपसे अनुरोध है कि लोगों की भावनाओं के साथ खिलवाड़ न करें, लोगों की आस्था को कलंकित न करें और फिल्म को वैसा ही चित्रित करें जैसा कि रामायण और रामचरित मानस में दर्शाया गया है।

इस नोटिस में आगे कहा गया है, अत: कानूनी नोटिस भेजकर अनुरोध किया जाता है कि उपरोक्त कृत्यों के लिए सार्वजनिक रूप से सात दिनों में माफी मांगते हुए सभी संवाद चित्रों को हटा दें अन्यथा कानूनी कार्रवाई की जाएगी।